एमडीयू के लोक प्रशासन विभाग के विद्यार्थियों के दल ने शैक्षणिक यात्रा पर हिमाचल प्रदेश के कसोल-खीरगंगा व रूद्रांग आदि क्षेत्रों का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बताया कि प्राध्यापक डॉ. समुंदर सिंह और शोधार्थी मनीषा के संचालन में विद्यार्थियों के दल ने कसोल के पर्यटन विभाग के कार्यालय का दौरा किया। उस क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस पांच दिन के शैक्षणिक भ्रमण में इस दल ने कसोल में मणिकरण वाटरफॉल, पार्वती घाटी, चलल ट्रैक, खीरगंगा ट्रेक, हॉट वॉटर स्प्रिंग, लोकल मार्केट एवं स्थानीय गांवों का दौरा किया।